HHR17-2-2-HI

श्रृंखला २: न्याय और क्लेश के मुख्य किरदार - कार्यक्रम 2

उद्घोषक : आज लगभग आधा मसीही समाज यह विश्वास करता है कि उन के जीवन काल में ही मसीह का दोबारा आगमन हो जाएगा । प्रकाशितवाक्य की पुस्तक कलीसिया के लिए मसीह यीशु के अंतिम वचनों को समाविष्ट करती है । वह भयानक घटनाओं की चेतावनी देते हैं जो विपत्ति के दौरान पृथ्वी पर आएंगे, शैतान का क्या होगा, मसीही विरोधी का क्या होगा, और सभी जो झूठे धर्म का पालन करते हैं । वे बताते हैं कि अर्मगेदोन कि लड़ाई के दौरान क्या होगा, पृथ्वी पर दोबारा आगमन के दौरान, हजार वर्ष के राज्य, अंतिम न्याय, साथ ही वर्णित करते हैं कि परमेश्वर ने अपने लोगों के निमित अनंत काल के लिए क्या योजना बनाई है। इस श्रंखला में हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के हर एक अध्याय का गहन अध्ययन करेंगे और इसमे के संदेश और परमेश्वर के इशारों को बेहतर समझने का प्रयास करेंगे।

आज हम इस श्रृंखला के दूसरे भाग्य की शुरूआत करते हैं जिसे हमने शीर्षक दिया है “न्याय और उसके मुख्य कलाकार, प्रकाशितवाक्य ७ से १३”

मेरे मेहमान हैं: डॉ एड हिंड्सन, लिबर्टी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ रिलीजन के डीन और धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, और ४० से अधिक पुस्तकों के लेखक

डाँ मार्क हिचकॉक बाइबल प्रतिपादन के सहयोगी प्रोफेसर हैं डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी मे। वे बाइबिल की भविष्यवाणी पर ३० पुस्तकों के लेखक हैं, और फेत बाइबल चर्च के वरिष्ठ पाज़बान हैं।

डॉ रॉन रोड्स भि डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी में पढाते हैं, और रीज़निंग फॉर द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़ के अध्यक्ष हैं। इन्होंने भविष्यवाणी पर लगभग ७० पुस्तकें लिखी है। आइए जुड़िए हमारे साथ जॉन एकरबर्ग शो के इस विशेष संस्करण में।

*****

अन्करबर्ग: हमारे कार्यक्रम में आपका स्वागत है मैं हूँ जॉन एंकरबर्ग, मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद यदि आप अभी हमारे साथ जुड़ हैं, तो मै बताना चाहुंगा हम हमारे अध्ययन के बीच में हैं, जहां हम प्रकाशितवाक्य की पूरी किताब का अध्ययन कर रहे हैं, ठीक है? और हमारे पास तीन उत्कृष्ट विद्वान हैं, जिन्होंने मिलकर करीब १४० पुस्तकों को प्रकाशित किया है जो कि प्रकाशितवाक्य की भविष्यवाणी और इसी तरह के विषय पर है। और यह विशेषज्ञ आज हमारे साथ हैं। हमारे साथ डॉ एड हिंड्सन, डॉ मार्क हिचकॉक और डॉ रॉन रोड्स हैं, जैसा कि मैंने आपको बताया था।

तो एड मैं आपके पास आना चाहूंगा, बड़ी तस्वीर समझने के लिए कि अभी हम कहां हैं। हम उन दो गवाहों पर बात करने वाले हैं जिन्हें परमेश्वर धरती पर भेजते हैं सुसमाचार के प्रचार के लिए, सही है ? और उन्हें विशेष समर्थ दिए गए हैं। पर इससे पहले, हमें इसकी व्यापक तस्वीर समझाएं उन लोगों के लिए जो अभी-अभी हमारे साथ जुड़े हैं

हिंडसन: ठीक है, जॉन। हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के लगभग मध्य तक पहुंच चुके हैं। पहला अध्याय प्रस्तावना की तरह है परिचय। पतमोस द्वीप पर पुनरोत्थित मसीह युहन्ना के सन्मुख प्रगट हो अपने शिष्य को आज्ञा देते हैं कि वह “प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को लिखें।” फिर दूसरे और तीसरे अध्याय में यीशु एशिया माइनर के सात कलीसिया के लिए घोषणा दे रहे हैं। और फिर हर कलीसिया से कलीसिया के प्रभु की हैसियत से वह बात कर रहे हैं।

और फिर हम उस भाग में आते हैं जहां की समस्या है और उसका समाधान निकाला जाना है यानी की पुस्तक के चौथे और पांचवें अध्याय में। यूहन्ना स्वर्ग पर उठाए गए। वह परमेश्वर पिता को सिंहासन पर देखते हैं। उनके हाथ में सात मुहरो वाली एक पुस्तक है, पर कोई भी इस के योग्य नहीं था कि उस मुहर को खोले और उसे पढ़े जब तक कि मेमना प्रगट ना हुआ। और फिर यीशु प्रकाशितवाक्य की पूरी पुस्तक में परमेश्वर के मेमने के तौर पर ***प्रकट होते हैं / प्रस्तुत किए गए हैं,*** वह जो हमारे पापों के लिए मारे गए। वह योग्य है; वह आकर मुहर खोल सकते हैं, न्याय की घोषणा कर सकते हैं। और फिर हमने देखा जैसे जैसे वह मुहर खोलते हैं आप न्याय की प्रक्रिया को देखने लगते हैं छटवे से ग्यारवें अध्याय तक। ६ मुहर खोली जा चुकी हैं; मेमने का क्रोध भड़का हुआ है।

फिर वहां एक अंतराल है। फिर सातवी मुहर खोली जाती है। और उस सातवी मुहर के खुलने के साथ ही सात तुरही के न्याय की आवाज प्रबल होने लगती है। और फिर जब सात तुरही का न्याय, छठवें तुरही पर पहुंचता है, अचानक एक और अंतराल आता है जहां यूहन्ना को एक छोटी पुस्तक खाने को कहा जाता है[!?] और दो मृत व्यक्ति जिनकी हत्या की जाएगी [!?] पर वह दोबारा जीवित किए जाएंगे !? इन तमाम चीजों के क्या मायने हैं यही सब कुछ है प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के बीच में ?

एकरबर्गः हाँ। चलिये शुरू करें, रॉन, छोटी किताब के साथ। तो क्या है यह छोटी किताब जिसकी बात हो रही है ?

रोड्स: ठीक है, उस छोटी किताब के बारे में अलग-अलग व्याख्याएं हैं। असल में, हाल ही में मैं कुछ कमेंटरीयों को देख रहा था और एक व्यक्ती ने कहा कि यह शायद पृथ्वी का एक खिताब है, लगभग वैसा ही जैसे कि हम दूसरी पुस्तक के विषय पहले कह रहे थे।

एकरबर्गः पुस्तक के साथ।

रोड्स: फिर कुछ अन्य हैं जो कहते हैं यह सात मुहर वाली दूसरी पुस्तक है। व्यक्तिगत तौर पर मैं मानता हूं यह लेखा है उन भविष्यवाणियों का जिन्हें की क्लेश के समय के दौरान आना है। और, वास्तव में, अगर मुझे इसे शिर्षित करना होता तो, मैं शीर्षक देता, "आने वाली चीज है," मेरे पुराने प्रोफेसरों कि एक पुस्तक की तरह, ड्वाइट पेन्टेकॉस्ट। मेरा ऐसे मानने का कारण यह है क्योंकि यूहन्ना को यहां पुस्तक खाते हुए दर्शाया गया है। चखने में तो वह मीठा है, पर बाद में वह कड़वा हो जाता है। और मुझे ऐसा लगता है कि वह उन अच्छी चीजों की बात कर रहे हैं जो मसीहियों के लिए होने वाली है। एक हज़ार साल का राज्य है; एक सनातन राज्य जो की अद्‌भुत रीति से महान होगा। जो मीठा है। पर जैसे वह नीचे पेट में उतरता है वह कड़वा हो जाता है। मुझे लगता है यह सांकेतिक प्रतिरूप होगा उन भविष्यवाणियों का और न्याय का जो कि अविश्वासियों पर आएंगे, खासतौर पर, वह भयानक ***प्याले / कटोरे*** का न्याय जो कि अंत में उजागर होगा भड़की हुई आग की तरह।

एकरबर्गः हाँ लेकिन, मार्क, साथ ही इन दो शानदार गवाहों के बारे में भी कहा गया है। वे कौन है? वो क्या करते हैं? उनका उद्देश्य क्या है?

हिचकॉक: देखिये देखिए जैसा कि आगे हम प्रकाशितवाक्य 13 में देखेंगे, हम वहां देख सकते हैं पशु - मसीह विरोधी और झूठा भविष्यद्वक्ता। वहां शैतान के दो जन काबिज हैं क्लेश के समय के दौरान; प्रकाशितवाक्य ११ में परमेश्वर की ओर के दो लोग देखे जा सकते हैं, जिन्हें वे गवाह हो कर बुलाते हैं। और यह दो गवाह आएंगे। दो पुरुष, मैं मानता हूं। उन्हें गवाह कहा गया है। यह शब्द वचन में अक्सर व्यक्तियों पर इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने टाट के वस्त्र पहने हुए हैं। वह मारे गए, पर दोबारा जीवित होते हैं ३ १/२ दिन के बाद।

और यह दो गवाह सेवकाई करेंगे, बताया गया है, १२६० दिनों तक या ४२ महीने तक जो कि ३ १/२ साल होते हैं। हो सकता है यह ३ १/२ साल क्लेश के समय के पहले भाग में हो या दूसरे भाग में। उन्हें मार डाला जाएगा। वे मर जाएंगे; और पूरे संसार के देखते हुए परमेश्वर उन्हें अद्‌भुत रीति से दोबारा जिलाएंगे ३ १/२

दिन के बाद। तो इन व्यक्तियों को परमेश्वर खड़ा करेंगे। इस पर कई विचार हैं, फिर से, वे कौन हैं। क्या यह वे लोग हैं जो अतीत में रह चुके हैं और परमेश्वर उन्हे वापस लाने जा रहे हैं? कुछ लोग सोचते हैं कि वे हनोक और एलियाह हैं; कुछ लोगों के लिए वे एलीयाह और मूसा हैं; कुछ कहेंगे कि ये सिर्फ दो आदमी हैं जिन्हे परमेश्वर भविष्य में उठाएंगे, लेकिन वे वो व्यक्ति नहीं हैं जो ***पहले / अतीत मे*** जीए थे।

फिर से, यह कोई ऐसी बात नहीं जिस पर हम कट्टर होना चाहते हैं। पर मेरा मानना है वह एलियाह और मूसा होंगे। एलियाह और मूसा का जिक्र मलाकी की पुस्तक में हुआ है, पुराने नियम के आखिरी अध्याय में। वे मत्ती१७ मे यीशु के साथ परिवर्तन के पर्वत पर दिखाई देते हैं उनके आने के पूर्वावलोकन को दर्शाते हुए। और वे वही करते हैं जो मूसा और एलियाह ने किया। वे पानी को लहू में बदलते हैं जैसा मूसा ने किया, स्वर्ग से आग उतारते हैं जैसा कि एलियाह ने किया। तो हो सकता है परमेश्वर इन दो पुरुषों को थोड़े समय के लिए, ऐसा आप कह सकते हैं, अंत के समय में अपने गवाह होने के लिए भेज़े।

एकरबर्गः और दुनिया उन्हें नफरत करती है।

हिचकॉक : हां, संसार उनसे नफरत करता है। और हो सकता है यह पुरुष मानव यंत्र हो उस तुरही के न्याय को नीचे बुलाने के लिए जिसे हम आठवें और नौव्वें अध्याय में देखते हैं, उसी प्रकार जैसे मूसा ने मिस्र पर न्याय को बुलाया था; यह भी न्याय को बुला रहे हैं। और अगर यह सही है, तो आप समझ सकते हैं कि संसार उनसे नफरत क्यों करता है, और चाहता है कि उन्हें मार डाला जाए नाश किया जाए।

एकरबर्गः ठीक है, अब दूसरी बात है, संसार ने उन्हें बेदखल क्यों नहीं किया ?

हिचकॉक: देखिए, वे सक्षम नहीं हैं, बाइबल कहती है…

एकरबर्गः वे सक्षम क्यों नहीं है ?

हिचकॉक: देखिए, बाइबल कहती है कि परमेश्वर उनकी रक्षा कर रहे हैं....

एकरबर्गः किस तरह से?

हिचकॉक: ....इस समय के दौरान। देखिए, वहां बताया गया है, वे सक्षम थे उन्हें मारने में जो उनके विरोध में आए, कि उनके मुंह से आग निकलेगी और उन्हें नाश कर देगी। अब, फिर से, कुछ लोग कहते हैं, “क्या आप सचमुच यकीन करते हैं कि वे आग ***फेंकने / फूकने*** वाले मानव होंगे ?” तो हमें दोबारा एलिया के जीवन पर गौर करना होगा। और एलिया, कई बार उनके खिलाफ सेना भेजी गई, ५० लोगों का दल। एलिया ने कहा और परमेश्वर ने स्वर्ग से अग्नि भेज उन्हें भस्म कर दिया। तो जब यह कहा गया है कि उनके मुंह से आग निकलेगी, मैं विश्वास करता हूं कि वह कहेंगे, आप भी करें, और फिर वे परमेश्वर हें जो अपने शत्रु के ऊपर न्याय को भेजेंगे। तो, वे अजेय हैं, वास्तव में, अपनी सेवकाई के समय के दौरान। पर, अति सुंदर, लिखा है कि जब उन की गवाही का समय पूरा हो जाएगा, तब परमेश्वर स्वीकृति देंगे उनकी मृत्यु को, शैतान या मसीह विरोधी के हाथों। और मुझे लगता है हम सभी के लिए एक उत्तम आशय यहां है। हम भी अजेय हैं, जब तक कि परमेश्वर द्वारा हमे सौंपी गई सेवकाई पूरी नहीं हो जाती। जब तक कि हमारी गवाही पूरी नहीं हो जाती हमें कुछ नहीं हो सकता।

एकरबर्गः रॉन, बताएं कि उनके लिए इसका अंत कैसे होता है, संसार क्या करता है, और फिर कैसे ***पुनर्रूत्थान / पुनर्जीवित*** होता हैं।

रोड्स: देखिए, यह एक शानदार घटना है। उनके शरीर दफनाए नहीं जाएंगे पर यरूशलेम कि सडक पर पड़े रहेंगे। और पूरा संसार यह दिखेगा। और शायद हो सकता है यह टेलीविजन या इंटरनेट द्वारा हो। मैं यकीन के साथ कहता हूं यह वीडियो वायरल होगा। इससे लोग इतने अधिक उत्साहित होंगे कि वे एक दूसरे को तोहफे देंगे। वे उनकी मृत्यु का जश्न मनाएंगे। अब, यहां आपको यह समझने की जरूरत है कि पुराने समयों में, जानते

हैं, लोग, खास तौर पर पुराने नियम के समय में, किसी को न दफनाना, परम अपमान माना जाता था। आज बिल्कुल इसके तुल्य, की कोई किसी के शव पर थूके। यह परम अपमान है। तो इन दो व्यक्तियों को मौत के घाट उतारने के बाद, पूरा संसार परमेश्वर के इन महान भविष्यवक्ताओं का अपमान कर रहा है। और तब कुछ ***शानदार / आकर्षक*** होता है। परमेश्वर की श्वास उनके भीतर घुसती है और ये भविष्यवक्ता खड़े हो जाते हैं। और चारों और भय का माहौल।

एकरबर्गः हां, कल्पना कीजिए, कैसा लगेगा यह टीवी पर देखते।

रोड्स: जानते हैं, मैं अपने मन की आंखों से कल्पना कर देख सकता हूं वे मृत्यु से उठ रहे हैं और खड़े होकर पूछ रहे हैं, "कोई प्रश्न?" देखिए इनके पुनरुत्थान द्वारा परमेश्वर एक बडा संकेत दे रहे हैं। और फिर वह स्वर्ग पर उठा लिए जाते हैं। अब, हो यह रहा है, पूरा संसार देख रहा है और वे गवाह बने हें मसीह-विरोधी के उद्देश्यों कि हार के। पूरा संसार यह जान लेगा यह परमेश्वर की ओर से है।

हिंडसन: मुझे भी लगता है कि जॉन, परमेश्वर उन दो गवाहों को इसलिए उठाते हैं - क्योंकि वे बेशक पुनरोत्थित हो कर स्वर्ग में उठा लिए गए - शायद संसार से यह कहने के लिए, उठाया जाना पहले ही हो चुका है, कलीसिया और विश्वासियों को मैंने पहले स्वर्ग में ही उठा लिया है। और तुमने उसका विश्लेषण कुछ और ही किया मानो वह कुछ बिल्कुल ही अलग हो। पर मैं अभी यहां इसी समय तुम्हें यह बताने पर हूं कि यह क्या है और इसका क्या अर्थ है। परमेश्वर अपने अनुग्रह और कृपा से मनुष्य जाति को एक और अवसर दे रहे हैं कि वे विश्वास में आ सकें और वे यह ना कह पाएं कि “हमें नहीं पता था; हमें परमेश्वर से कोई प्रमाण नहीं मिला था।” कई प्रमाण मिले। वास्तविकता यह है, लोगों के पास अवसर हमेशा है। पर प्रश्न यह है कि वे आएंगे या नहीं।

एकरबर्गः तो मित्रों, क्या यह आपको रोचक लग रहा है, अभी हम एक ब्रेक लेने वाले हैं। और जब हम वापस आएंगे हम बात करेंगे, ऐसा लग रहा है मानो बाइबल भी एक ब्रेक ले रहा है। और फिर वह ***खिलाड़ियों /***

कलाकारों को प्रस्तुत करता है, वे मुख्य ***खिलाड़ी / कलाकार*** जिनका इन घटनाओं से संबंध है। यह ऐसा है मानो की एक स्कोरकार्ड है, एकाएक उसमें नाम आ जाते हैं जो आपको बताते हैं कि मुख्य ***खिलाड़ी / कलाकार*** कौन है। वापस आकर हम इस विषय पर बात करेंगे। हमारे साथ बने रहें।

*****

एकरबर्गः ठीक है, स्वागत हे आपका। हम डॉ एड हिंड्सन और डा मार्क हिचकॉक और डॉ रॉन रोड्स से बात कर रहे हैं। हम एक बड़े रोचक मोड़ पर पहुंचे हैं। एकाएक, यहां पुस्तक के बीच में, बारवें अध्याय में, कार्यवाही में एक विराम आता है। और ***खिलाड़ियों / कलाकारों*** का उद्घोषण होता है। और हमें बताया जा रहा है कि संसार में जो हो रहा है उसके मुख्य ***खिलाड़ी / कलाकार*** कौन है। एड, आप हमें बताएं कि क्या चल रहा है।

हिंडसन: यह ऐसा है मानो हम अमेरिका में बेसबॉल के खेल के लिए जा रहे हैं। वहाँ आपको प्लेबुक मिलती है, और उसके बीच में एक स्कोरकार्ड होता है जो कि लाइनअप कार्ड है; जो बताता है कि आज के खेल में कौन-कौन है। वैसे ही परमेश्वर एक लाइनअप कार्ड देते हैं प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के बीच में जहां सात सांकेतिक ***खिलाड़ी / कलाकार*** हैं, अंत के समय के ड्रामे के। सर्वप्रथम वहां एक स्त्री है जो गर्भवती है; और फिर एक पशु है जो शिशु को मारना चाहता है; और वह जो शिशु है वह लड़का है, पर बाद में वह स्वर्ग में उठा लिया जाता है; और स्वर्गदूत मिखाइल का शैतान से युद्ध होता है; और फिर उस स्त्री का जंगल की ओर भाग जाना; और फिर समुद्र से एक ***पशु / अजगर*** का बाहर आना जिससे अधिकतर लोग मसीह विरोधी मानते हैं; और फिर पृथ्वी से निकला हुआ पशु / अजगर जिसे आगे स्पष्टतः झूठा भविष्यवक्ता कहा गया है। तो कुछ एक प्रश्नों की विवेचना इस बात पर निर्भर करती है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में जो घटित हो रहा है हम उसे कैसे समझते हैं, खास तौर पर स्त्री की पहचान और उसके बीज का अंश।

एकरबर्गः ओके, रोन, आप बताएं। बाइबल कहती है, “फिर स्वर्ग में एक बड़ा चिन्ह दिखाई दिया अर्थात एक स्त्री जो सूर्य ओढ़े हुए थी और चांद उसके पांव तले था और उसके सिर पर १२ तारों का मुकुट था। वह गर्भवती हुई और चिल्लाती थी क्योंकि प्रसव की पीड़ा में थी।” अब, इस पद के कई अलग-अलग व्याख्याएं हैं, पर बाइबल हमारी मदद करती है। जब कभी यह चिन्ह आते हैं, सच्चाई यह है कि बाइबल ही हमारी मदद करती है यह जानने में कि यह किस के विषय बात कर रही है। हमें समझाएं।

रोड्स: देखिए, कुछ लोगों का मानना है कि यह मरियम होंगी ; क्योंकि, आखिरकार, मरियम ने ही बालक यीशु को जन्म दिया था। पर समस्या यह है कि इस स्त्री जिसका वर्णन यहां पर है वह मरियम से मेल नहीं खाता। मरियम का ऐसा वर्णन हमें कहीं नहीं दिखता, है ना, कि सूर्य ओढ़े हुए थी और चांद उसके पांव तले था और उसके सिर पर १२ तारों का मुकुट था। ना ही हम देखते हैं कि मरियम को जंगल में भागना पड़ा एक लंबे अरसे के लिए ताकि वह शैतान और मसीह-विरोधी के जुल्म से बच पाएं। तो यह सटीक नहीं बैठता।

यहां शाब्दिक सुराग हैं जो हमें समझने में मदद करते हैं कि यहां क्या हो रहा है। और मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं उत्पत्ति ३७:९ – १० कि ओर, क्योंकि यही बाइबिल में यही एक और आयत है जहां हम सूरज चांद और १२ तारों के बारे में पढ़ सकते हैं। और इसका संदर्भ यह है कि यूसुफ एक सपना देखते हैं। और वे सपने में अपने परिवार से कहते हैं,“ मैंने देखा कि सूरज चांद और तारे मेरे सामने झुक रहे थे।” वह इस्राएल है।

एकरबर्गः हां। यही तो है।

रोड्स: यह इस्राएल ही है, यह बिल्कुल स्पष्ट है। तो स्त्री जो है वह इस्राएल है; और जो बच्चा जना गया वह है यीशु। और बात जब प्रसव पीड़ा की और रोने की होती है, जो की बहुत लंबे समय तक चला। यदि आप यहूदी लोगों के इतिहास को देखेंगे, शैतान आरंभ से ही इसी प्रयास में था कि किसी तरह यीशु के जन्म को विफल कर

सके। मुझे स्मरण होता है, उदाहरणतः, हामान जो पूरी यहूदी जाति को ही नष्ट करना चाहता था। मुझे याद आता है हरोद जिसने राजा यीशु को मारने के प्रयास में हर छोटे बच्चे को मार डाला। इसमें कोई दोराय नहीं कि यह तमाम घटनाएं शैतान द्वारा ही ***प्रेरित / रचित*** थीं। और मैं इन सभी घटनाओं की विवेचना इस प्रकार करूंगा कि यही तमाम उस स्त्री की प्रसव वेदना थी।

एकरबर्गः ठीक है, अब अंश के बारे में बताएं, महिला का बीज

रोड्स: जानते हैं, एक और बात जो वचन हमें बताता है कि पीड़ा के काल के दौरान इस्राएल का शुद्धिकरण होगा। हम इसे जकरिया में देखते हैं, उदाहरणतः। और हम देखते हैं, मुझे लगता है लगभग एक तिहाई यहूदियों का इस शुद्धिकरण के दौरान नाश हो जाएगा। अब बीज का अंश जो है वह जंगल में चला जाएगा। और मैं मानता हूं कि यह यरूशलेम का दक्षिणी भाग होगा, शायद पेट्रा या बसरा। यह अच्छे रणनीतिक क्षेत्र हैं जिन्हें आसानी से अवरोधित किया जा सकता है। और अंततः मसीह विरोधी इस क्षेत्र में हमला करेगा पीड़ा के काल के अंत के दौरान, पर अभी के लिए यह सुरक्षा का स्थान है। अब, वचन हमें आगे बताता है कि कैसे मसीह विरोधी इस अंश के खिलाफ बाढ़ भेजेगा। कुछ लोग इसे वास्तविक पानी की बाढ़ मानते हैं; कुछ और इसकी विवेचना करते हैं सेनाओं कि बाढ़ के तौर पर, किसी प्रकार का हमला। जैसा भी हो, कहा गया है कि संसार स्त्री की रक्षा में आगे आता है। और यह बाढ़ है, शायद धरती खुल जाती हो; और अगर यह सेना है, तो हो सकता है शायद भूकंप हो या, मान लीजिए, ऐसा कुछ जहां धरती खुली हो और लोगों को निगल गई हो

एकरबर्गः प्रभु रक्षा करते हैं, जो भी हो।

रोड्स: आप इसे कैसे भी देख ले, धरती पर जो कुछ हो रहा है सब परमेश्वर के नियंत्रण में है, और वह उन्हें धरती के द्वारा ही सुरक्षा देते हैं। ***धरती उस उत्पीड़ित अंश की मित्र बन जाती है / धरती और उस उत्पीड़ित अंश में मित्रता हो जाती है***।

एकरबर्गः ठीक है, आइए हम उस शिशु की ओर बढ़े। हमें बताइए, सामान्यतः, क्या ऐसे भी कोई विद्वान है जिंहे शिशु के यीशू होने पर असहमति हो ?

हिंडसन: नहीं, वस्तुतः सभी यह मानते हैं कि वे यीशु ही हैं, क्योंकि एक वही हैं जो पिता के सिंहासन तक उठाए गए। यह स्पष्ट तौर पर यीशु ही है।यह सच्चाई कि वह शिशु एक नर है; अब, अंग्रेजी के किगं जेम्स वर्जन में कहा गया है "मैन चाइल्ड", अर्थात लड़का।इसका अर्थ किसी और से नहीं है; यह स्वयं मसीह हैं। तो आप समझ सकते हैं कि वह यीशु ही है इस्राएल के सिंह के ***वंशज / संतान***। सुसमाचारों की शुरुआत मत्ती एक में ऐसे होती है,“ अब्राहम की संतान, दाऊद की संतान, यीशु मसीह की वंशावली,…” इसराइल को यहां स्त्री के तौर पर दिखाया गया है, वह वंश, जिससे मसीहा आते हैं। वह कलीसिया नहीं हो सकती, क्योंकि उसे मसीह की मां दर्शाया गया है, जबकि कलीसिया मसीह की दुल्हन है। और यह भूमिका पूरी तरह अलग है। फिर अगला प्रश्न है, कि पशु कौन है, उसे भी वचन स्पष्ट कर रहा है।

एकरबर्गः हां। तो मार्क, मैं आपके पास आना चाहूंगा, पशु के विषय कुछ और ***बताएं / बताना चाहेंगे***?

हिचकॉक: देखिए, मैं मानता हूं, जिस प्रकार ऐड ने कहा वचन हमें पशू पर स्पष्टीकरण देता है। वचन में आगे बताया गया है कि वह पुराना सांप ही है, वह शैतान ही है, लुसिफर। तो यह स्पष्ट है कि वह कौन है। पर मुझे यह पद बेहद रोचक लगता है, सच में किसी तरह युग का महायुद्ध होगा। क्योंकि यह हमें शैतान के ***वास्तविक / मूल*** पतन की ओर ले जाता है, जब उसके विषय कहा गया है, ***कहा गया है / लिखा गया है*** “उसकी पूंछ ने आकाश के तारों की एक तिहाई को खींचकर पृथ्वी पर डाल दिया।” मुझे लगता है यह शायद उसके वास्तविक पतन को दर्शा रहा है, उसके वास्तविक विद्रोह के समय उसके साथ एक तिहाई दूत भी नीचे गिराए गए थे।

एकरबर्गः उसके साथ गए।

हिचकॉक: और फिर आगे हम देखते हैं, मैं मानता हूं, प्रारंभ में ही उत्पत्ति ३:१५ में परमेश्वर वायदा देते हैं की स्त्री के वंश से एक निकलेगा और सांप के सर को कुचलेगा। और फिर हम आगे देखते हैं कि वह अब्राहम, इसहाक और याकूब के वंश से आएगा। इसीलिए शैतान ने आरंभ से ही यहूदियों के खिलाफ प्रतिशोध के युद्ध को प्रारंभ कर दिया।जब वह मसीहा के जन्म को नहीं रोक सका, तो वह क्या कर रहा है, वह अपनी दूसरी योजना पर जा रहा है जहां वह उन लोगों को नष्ट करने में लगा है जिन पर मसीह को राज करना है

एकरबर्गः हाँ। ***<u>अब हमारे पास है.../ हम देख सकते हैं</u>***

हिचकॉक: तो हम यहां शैतान की योजना को देखते हैं, वास्तव में जो हमारे लिए आरंभ से ही वर्णित हैं।

एकरबर्गः हां। तो हम आगे बढ़ते हैं। सच्चाई यह है, जब हम शैतान की बात करते हैं, अब शैतान कि तस्वीर साफ होती है जो कि स्वर्ग में परमेश्वर के सामने पहुंच सका अय्यूब के समय से ही, ओके ? उसने भाइयों पर दोष लगाया परमेश्वर के सिंहासन के सामने। पर अभी हम कहानी के इस भाग पर हैं, और यहां कुछ होता है जहां परमेश्वर कहते हैं अब बहुत हुआ; अब वह यहां नहीं आ सकता। और कुछ नए किरदार उभरते हैं। शैतान हैं, पर साथ ही मिखाइल और उसके स्वर्गदूत भी। आगे क्या होता है ?

हिंडसन: खैर, देखिए स्वर्ग में युद्ध हो रहा है, और कहा गया है, कि शैतान को थोड़े समय के लिए पृथ्वी पर फेंक दिया गया है। अर्थात यह आरंभिक पतन नहीं हो सकता; जो कि अनंत काल में हुआ था। शैतान पराजित हुआ है प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के अनुसार। वह केवल पृथ्वी तक ही सीमित रहेगा। कहां गया है वह अपना आपा खो देता है। और वह अपने क्रोध को पृथ्वी के मनुष्यों पर दिखाने लगता है। आगे, जब मसीह पुस्तक मे दोबारा लौटते हैं, शैतान को बंदी बना हजार साल के लिए अधोलोक में डाल दिया जाता है। और फिर उसे छोड़ा जाता है और दोबारा पकड़कर निरंतरता के लिए आग की झील में फेंक दिया जाता है। तो इस पुस्तक में

आप शैतान की तीहरी हार को देख सकते हैं। तो प्रश्न उठता है, वह थोड़ा समय कितना होगा जिसके लिए कि उसे पृथ्वी पर आजाद किया जाएगा ? और ऐसा लगता है पीड़ा के काल के अंतिम ३ १/२ साल। तो ऐसे आप अभी मैंमने के क्रोध तले हैं, फिर शैतान के क्रोध तले, फिर मनुष्य के क्रोध तले, और जो आने पर है, वह है परमेश्वर का क्रोध ***कटोरे / प्याले*** के न्याय के तहत।

एकरबर्गःहां। तो पहले मुहर में सफेद घोड़े पर एक घुड़सवार है, और हमने उस पर बात की है वह मसीह विरोधी है।और यहां उसके विषय और अधिक विस्तार से बताया गया है।बताया गया है कि वही वह पशु है जो समुद्र से निकलेगा। मार्क, हमें थोड़ा समझाएं ?

हिचकॉक: जी हां, तो बारहवीं अध्याय में जो हम देख रहे हैं, वहां शैतान को मसीह का घोर विरोधी बताया गया है, साथ ही वह यहूदियों का भी कट्टर दुश्मन है। और, अब मैं मानता हूं हमें यहां परिचय दिया गया है, वास्तव में, उन मानवीय यंत्रों का जिसका उस काल में वह इस्तेमाल करेगा, यहूदियों के विरुद्ध अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए। और सबसे पहला है वह पशु जो समुद्र से बाहर आएगा। जिस प्रकार इस पशु का वर्णन किया गया है वह हमें दानिएल सात की याद दिलाता है, जहां उस पशु के सात सर हैं और इस पशु के दस सिंह हैं। तो हम दानिएल की पुस्तक पर वापस जा रहे हैं। और यह पशु जो है आगे चलकर, अंत में, यह एक प्रकार का समूचयकरण होगा, उन तमाम अन्य पशुओं का, उन सभी साम्राज्यों का।

और वह पशु जिसकी बात प्रकाशितवाक्य १३ में की गई है, वे कहते हैं, समुद्र से निकलता है। प्रकाशितवाक्य १७:१५ हमें बताता है कि यह समुद्र ***देशों का / देशों के समूह का*** प्रतीकात्मक है। तो यह एक अविश्वासी नेता है जो देशों के समूह से निकलता है शासन और राज्य करने। और मैं मानता हूं कि जिस प्रकार इन पदों में उसका वर्णन किया गया है यही वह जन है जो कि शैतान द्वारा सामर्थ हासिल कर आएगा। और वह पूरी पृथ्वी पर शासन करने आएगा। और यह वास्तव में संसार का आखरी अविश्वासी शासक होगा, जिसे शैतान अपनी

शक्तियां देगा और उसका उपयोग करेगा, ताकि वह दोबारा यहूदियों के विरुद्ध खड़ा हो उन्हें नाश करने का प्रयास कर सकें। और वह यह मांग करेगा कि पूरा संसार उसकी आराधना करें। तो वह संसार का अंतिम महान तानाशाह होगा, आप कह सकते हैं, यीशु मसीह के दोबारा पृथ्वी पर आने से पहले।

एकरबर्गः हमारे पास केवल कुछ मिनट शेष हैं, एड। और मसीह विरोधी के विषय कई सारी महत्वपूर्ण जानकारियां यहां दी गई है। उसके विषय अगले हफ्ते और अधिक बात करेंगे। हमें बताएं कि हम किस ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही यह कि आज की इस चर्चा से आपको क्या कुछ हासिल हुआ है ?

हिंडसन: देखिए, मसीह विरोधी, पुस्तक में आगे चलकर, स्पष्ट तौर पर उसे पशु कहा गया है। यही है वह जो मेमने के साथ संघर्ष कर रहा है। और वह अंतिम संघर्ष होगा जो आर्मगेडन मैं ***बाहर / ऊभर*** आएगा। उसी समय, बाइबल यह भी स्पष्ट करती है कि मसीह विरोधी की आत्मा हमेशा पृथ्वी पर जिंदा है, परमेश्वर-विरोधी या मसीह-विरोधी आत्माएं / क्रियाएँ फिर से वह परमेश्वर की चीज़े है और मसीह की चीज़े है। कई छोटे-छोटे मसीह विरोधी होंगे यूहन्ना के खत के अनुसार, झूठे भविष्यवक्ता झूठे शिक्षक ***जो उठ खड़े होंगे / जो उस समय आएंगे***। पर इन सब का मुखिया, मसीह विरोधी, उसे अभी आना बाकी है। पुराना नियम इसकी तस्दीक एक इकलौते व्यक्ति के तौर पर करती है जो इसराइल के साथ संधि करेगा, फिर संधि तोड़ेगा, फिर उन पर भारी हमला करेगा नष्ट करने के इरादे से। और मैं मानता हूं कि यह हमारे लिए पूरी स्पष्टता से कहा गया है प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में। वह पशु अभी धीरे-धीरे कर मानव समुद्र में से उठ रहा है। नियंत्रण लेने वह आने वाला है। बड़ा प्रश्न यह है, जब वह यहां पहुंचेगा तब क्या होगा ?

एकरबर्गः हां। और हम उसके सहायकों के विषय भी बात करेंगे, झूठा भविष्यवक्ता, ठीक है ? और देखिए, दानिएल हमें बताते हैं, पीड़ा के काल के आधे पडाव पर जाकर यह बातें हो रही होंगी, ३ १/२ साल के गुजरने

के बाद। वह मुख्य पड़ाव क्या होगा जो हमें बताएगा कि हम पीड़ा के काल के मध्य भाग में पहुंच चुके हैं ? यह सभी कुछ हमारे अगले कार्यक्रम में। देखना ना भूलें

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाउनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्र् ग्दृ ठ्ठड़ड़द्धद्रद्य ख्द्वद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्र्द्धत्ढ़ण्द्य 2016 ऋत्रड़क्ष्